तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

11 रस्साकशी प्रतियोगिता में कुराड़ की टीम प्रथम रही



11 एसपी ने पुलिस कर्मचारियों को दिए जरूरी निर्देश




## आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

### -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

### -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी



आदिश जैन

**नारनौल** । आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण में आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




ADVT.


## खबर संक्षेप

### आईटीआई जींद में रोजगार मेला आज

जींद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में पांच दिसंबर शुक्रवार को मेगा जॉब फेयर एवं अप्रेंटिसशिप कम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में जिले और आसपास के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### बैंक में चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल**। भागल स्थित पंजाब नैशनल बैंक में चोरी मामले में चौकी भागल पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक भागल प्रबंधक दीपक कुमार की शिकायत अनुसार 4 नवंबर की शाम 5:30 बजे शाखा को नियमित रूप से बंद किया गया था। 5 को बैंक बंद रहने के बाद 6 को सुबह पहुंचे तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक में चोरी की मिली।

### 288 ग्राम चरस के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद**। सीआईए स्टाफ सफीदों ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 288 ग्राम चरस बरामद की है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ का सूचना मिली थी कि गांव ढाठरथ निवासी शमशेर नशीले पदार्थों का कारोबार करता है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कैथल**। न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई रविंद्र की टीम द्वारा करते महिला आरोपी प्रहलादपुरी जगाधरी निवासी आरती संधु को पोंटा साहिब हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव फरल निवासी इकबाल सिंह की शिकायत अनुसार वह अपने बेटे होशियार सिंह को विदेश भेजना चाहता था।

### अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**जींद**। जुलाना थाना पुलिस ने अवैध हथियार स्पलायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम ने बताया की सीआईए स्टाफ ने गांव गतौली निवासी सचिन को एक पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ के दौरान स्पलायर के रूप में आरोपित का नाम गांव झील निवासी राहुल के रूप मे सामने आया था।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल**। दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते चौकी किठाना पुलिस द्वारा बाइक चोर को काबु किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कसान निवासी दीपक की शिकायत अनुसार 14 अगस्त को उसकी बाइक को गांव से ही उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज किया गया।

### सात माह की बालिका बाल-बाल बची, तीनों गंभीर पीजीआई रेफर

# बारातियों की कार पेड़ से टकराई दूल्हे के भाई और भाभी की मौत

### बारात से वापस लौटने के दौरान जींद-बरवाला मार्ग पर हादसा

**पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद







गांव ईंटल खुर्द के निकट जींद-बरवाला मार्ग पर वीरवार को सुबह अनियंत्रित कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण दूल्हा के भाई तथा भाभी की दर्दनाक मौत हो गई। उसी गाड़ी में सवार तीन फोटोग्राफर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। जबकि सात माह की बालिका बाल-बाल बच गई। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूनक करनाल निवासी अजय (35), उसकी पत्नी सोनिया (30), गुड़िया सात माह की, फोटोग्राफर सोनू तथा उसके दो अन्य साथी वीरवार को गांव सुलखनी हिसार में बारात से शामिल होकर वीरवार सुबह वापस घर लौट रहे थे। गांव ईंटल कलां के निकट कार अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकराई। जिसमें कार सवार बालिका को छोड़ कार में सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे चल रहे दूसरी गाड़ी में सवार लोगों ने उन्हें नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

जहां पर चिकित्सकों ने अजय तथा सोनिया को मृत घोषित कर दिया। जबकि फोटोग्राफर सोनू तथा उसके दो अन्य साथियों की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जबकि बालिका सुरक्षित बच गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना के जांच अधिकारी लखविंद्र सिंह ने बताया कि मृतक दंपत्ति के शवों को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

**मृतक दंपति दुल्हे के सगे भाई-भाभी**

मृतक अजय के पिता रघुबीर ने पुलिस को बताया कि उसके बड़े बेटे विजय की शादी का बुधवार को गांव सुलखनी मे कार्यक्रम था। वीरवार सुबह बारात विदा होकर घर लौट रही थी। उसका छोटा बेटा विजय, उसकी पत्नी सोनिया, पौती गुड़िया तथा तथा तीन फोटोग्राफर कार में सवार थे। अजय कार चला रहा था। गांव ईंटल कलां के निकट कार अनियंत्रित हो कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिसमें उसके बेटे अजय तथा पुत्रवधु की मौत हो गई। जबकि पौती बच गई। तीनों फोटोग्राफर घायल हो गए।

**पशु के अचानक सड़क पर आने का संदेह**

नींद की झपकी आना या पशु के आगे आने का संदेह हादसे के पीछे नींद तथा किसी पशु के अचानक सड़क पर आने का संदेह माना जा रहा है। जिसके कारण कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें दंपत्ति की मौत हो गई। वापस लौट रही बारात को जब घटना का पता चला तो परिजन तथा रिश्तेदार नागरिक अस्पताल पहुंच गए। हालात करूणामय उस समय हो गया जब परिजन दहाड़े मार रोने लगे। वापस लौट रही बारात को जब घटना का पता चला तो परिजन तथा रिश्तेदार नागरिक अस्पताल पहुंच गए। परिजनों को समझ नही आ रहा था कि आखिर हादसा हुआ कैसे।



**कैथल**। युवक का शव मिलने के उपरांत कार्रवाई करती पुलिस। *फोटो :हरिभूमि*

# कैथल में आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रेलवे स्टेशन के पास वीरवार अल सुबह करीब 4 बजे घर से बुलाने के बाद मारपीट कर 18 वर्षीय युवक की हत्या कर दी । युवक की पहचान डेहा बस्ती कैथल के आशु के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आशु 20 दिन पहले ही जेल से जमानत पर आया था। आरोपियों ने पहले युवक के साथ मारपीट की और इसके बाद उसे अधमरा कर सिर पर नुकीले हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। बाद में उसे रेलवे लाइन के निकट स्थित खाली प्लाट में फेंककर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार मृतक युवक आशु के पास 4 बजे के पास किसी अज्ञात का फोन आया था। इसके बाद वह घर से बाहर गया। सुबह 9 बजे सूचना मिली कि आशु के साथ मारपीट कर उसे चोटिल किया गया। इसके बाद उसकी मौत की सूचना मिली। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना शहर कैथल, सीआईए और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि यह युवक करीब एक साल से गैर इरादतन हत्या के एक केस में जेल में बंदी के तौर पर बंद था। मृतक 20 दिन पहले ही जमानत पर आया था।

**मामला दर्ज**

मामले में डीएसपी मुख्यालय बीरभान ने बताया कि पुलिस को गुरुवार सुबह के समय पुलिस को युवक के मर्डर की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर एफएसएल सहित पुलिस की अन्य टीमें मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने जाखौली अड्डा डेहा बस्ती निवासी मृतक के पिता राकेश की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



**कैथल**। डीसी अपराजिता कार्यालयों का निरीक्षण करते। *फोटो :हरिभूमि*

**सरकारी कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

**कैथल**। डीसी अपराजिता ने वीरवार सुबह लघु सचिवालय स्थित प्रथम व द्वितीय तल के सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी समय पर कार्यालयों में पहुंचें। सरकारी कार्य में लापरवाही पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। डीसी अपराजिता ने पहली मंजिल पर स्थिति एडीसी कार्यालय से निरीक्षण शुरू किया। इसके बाद उन्होंने डीसी कार्यालय की नाजर ब्रांच, द्वितीय तल पर स्थित पीओआईसीडीएस कार्यालय, चुनाव विभाग, आबकारी एवं कराधान आयुक्त कार्यालय, कृषि उपनिदेशक कार्यालय,डीडीपीओ कार्यालय, डीआईपीआरओ एवं डीआरओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों वं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी समय पर अपने कार्यालयों में पहुंचें। जो भी कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचेगे। उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन हथियाने के लिए 25 लाख की सुपारी दे साले की हत्या का रचा षड्यंत्र, आरोपित जीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो :हरिभूमि*

एवीटी स्टाफ जींद ने जमीन विवाद में सुपारी देकर गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या का षड़यंत्र रचने के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव खरकड़ा निवासी जगतार के रूप में हुई है। आरोपित जगतार साले की जमीन हड़पना चाहता था। इसे लेकर उसने हत्या करने का षडय़ंत्र रचा और इसके लिए 25 लाख की सुपारी भी दी थी। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत में एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव हटा निवासी प्रवीण उर्फ पिन्ना पुलिस ने 29 नवंबर को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया था। जिसने पुछताछ में सुपारी लेकर अन्य साथियों के साथ मिल कर गाड़ी द्वारा टक्कर मार कर गांव मलिकपुर निवासी विक्रम की हत्या करने का प्रयास किया था। विक्रम पकड़े गए जगातर का साला है। जगतार अपने साले विक्रम की जमीन को हथियाना चाहता था। पुलिस ने इसे लेकर 28 नवंबर को थाना सदर सफीदों में मामला दर्ज किया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एवीटी स्टाफ की टीम ने हत्या के प्रयास के मुख्य आरोपित गांव खरकड़ा निवासी जगतार को गिरफ्तार किया।

**आरोपित दो दिन के रिमांड पर**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पकड़े गए आरोपित जगतार ने बताया कि हत्या करने की नियत से योजना के अनुसार 10 नवंबर को को अपने किसी काम से सफीदों मंडी में आया और उसने शाम के समय विक्रम को बाइक पर देख लिया जो पहले से तैयार अपने साथियों को बताया कि अब विक्रम सफीदों से मलिकपुर अपने बाइक पर धर्मगढ़ बोली रोड होते जाएगा। जिस पर योजना के अनुसार उसके साथियों ने विक्रम के पीछे गाड़ी लगा दी और फिर उसके एक साथी प्रवीण उर्फ पिन्ना ने बाइक का पीछा कर विक्रम को जान से मारने की नियत से गाड़ी की सीधी टक्कर विक्रम के बाइक में मार दी थी। पुलिस टीम ने जांच के दौरान मामले की छानबीन करते हुए पकड़े गये मुख्य आरोपित जगतार सिंह वासी खरकड़ा को गिरफ्तार करके अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### 1100 रुपये में बिक रहा 862 वाला सिलेंडर, रजाई तानकर सोए अधिकारी

# शहर में बनी घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर की गैस एजेंसियों में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए 5 से 7 दिन तक का इंतजार करना पड रहा है। सुबह के समय सिलेंडर लेने के लिए पहुंचे उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड रहा है। आलम ये है कि उपभोक्ताओं को मजबूरन जिसे गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर लाना पड़ रहा है तो वहीं अब कालाबाजारी भी जोरों पर शुरू हो गई है। 862 रुपये में मिलने वाला घरेलू सिलेंडर अब कालाबाजारी में 1100 रुपये में बेचा जा रहा है। सबसे बड़ी समस्या तो ये है कि बुकिंग के बावजूद सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा, जिससे असुविधा झेलनी पड़ रही है। शहर की हिंदूस्तान एजेंसी में बुकिंग के बावजूद 3 से 4 दिन की वेटिंग आ रही है। बताया जा रहा है इस एजेंसी की आगे से सप्लाई देरी से मिल रही है। इस कारण से यह समस्या है। दूसरी ओर एजेंसी संचालकों का कहना है कि सिलेंडर की शॉर्टेज नहीं है। सर्दियों में सिलेंडरों की डिमांड बढ़ जाती है। जिससे देरी से सप्लाई होती है।

**जल्द करवाएंगे जांच : कुलदीप**

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि शहर की सभी एजेंसियों में सिलेंडर की शॉर्टेज नहीं है। अभी केवल शहर की एचपी एजेंसी में ही सिलेंडर की सप्लाई कम आ रही है। इसको लेकर एजेंसी को समाधान के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। दूसरी किसी भी एजेंसी में ऐसी समस्या नहीं है। यदि कोई बिचौलिया सरकारी रेट से अधिक में सिलेंडर देने को लेकर जांच की जाएगी।

**आते ही खाली हो जाती है ट्राली**

सिलेंडर की किल्लत इस कदर हो गई है जो गैस सिलेंडर बांटने के लिए आने वाली ट्राली जो सायं तक भरी रहती है अब लोगों की डिमांड के कारण हाथों हाथ खाली हो रहा है। ऐसे में दोपहर बाद आने वाले उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं।

**मैसेज आया पर नहीं मिला सिलेंडर**

कैथल के सुरेंद्र ने कुमार ने बताया कि उसने 30 नवंबर को सिलेंडर की ऑनलाइन मोड में बुकिंग करवाई थी, लेकिन 4 दिसंबर तक भी उसे एचपी कंपनी का सिलेंडर नही मिल पाया। परिवार के सदस्यों ने लगातार 3 दिन तक चूल्हे पर ही खाना बनाया। अब दूसरी एजेंसी का ब्लैक में 1050 रुपये में सिलेंडर खरीदा है जबकि एजेंसी पर इसका दाम 862 रुपये है।

**नहीं मिल रहा सिलेंडर**

शहर की रितू ने बताया कि उसने 3 दिन पहले ही हिंदुस्तान पैट्रोलियम कंपनी के सिलेंडर की बुकिंग करवाई थी। 2 दिन में 3 बार एजेंसी की ओर से निर्धारित किए गए स्थान पर सिलेंडर लेने के लिए पहुंचा, लेकिन नहीं मिल पाया। इसके बाद 200 रुपये अधिक देकर सिलेंडर खरीदा है।



**राजौंद**। गांव बीर बांगड़ा नहर के पुल पर टूटे-फूटे घाटों का दृश्य।

**घाट का निर्माण करवाने की मांग**

**राजौंद**। गांव बीर बांगड़ा राजौंद डिस्ट्रीब्यूटरी के पुल पर पशुओं को पानी पिलाने के लिए घाट का निर्माण न होने से ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया है। ग्रामीणों ने कहा कि नहर को पक्का किए लगभग एक वर्ष से भी ज्यादा समय हो चुका है। लेकिन आज तक भी गांव बीर बांगड़ा के नहर के पुल पर बने घाट को नहीं बनाया जा रहा। जिससे पशुओं को पानी पिलाते समय कई पशु घायल हो चुके हैं। बार-बार संबंधित विभाग को खाने के बावजूद भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इस बारे ग्रामीण रिंकू, कुलदीप, शमशेर नरेश,राजेश,रामकुमार ने कहा कि गांव में स्वच्छ पानी न होने के कारण पशुओं को पानी पिलाने के लिए नहर पर लेकर जाना पड़ता है। लेकिन पुल के साथ वाले घाट अभी तक भी नहीं बनाए गए जो पूरी तरह टूटे हुए हैं। जिससे पशु वहां गिरकर कई बार चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि नहर गांव के नजदीक पड़ती है इसलिए पशुपालक अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए नहर पर ही लेकर जाते हैं। लेकिन घाट न बनने के कारण उन्हें बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर घाटों का निर्माण करवाया जाए।

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे



# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

### छोटे-छोटे कदम भी अहम

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

### यूं बनो मददगार

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *





### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे





बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है।' इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस
नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अक्सर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरत:** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रृंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।



**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ा:** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतरा:** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *



कविता / दिनेश विजयवर्गीय

## सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर



**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182

1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



पा...पापा वो देखो!' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर...' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली। महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...!' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स थ्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों नहीं पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए...' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

## आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. लड़की के मफलर के आगे लटक रहे हिस्से में एक फोल्ड अधिक खुला हुआ है। 2.लड़की की बाईं चोटी में रेड की बजाय व्हाइट हेयर-बैंड लगा हुआ है। 3.लड़की के बाएं हाथ में पहने ग्लव में अंगूठा नहीं दिख रहा है। 4.रेंडियर की बाईं हॉर्न (सींग) में तीन ब्रांचेज हैं। 5.रेंडियर की पूंछ के ठीक ऊपर एक स्टार दिखाई दे रहा है। 6.रेंडियर के पिछले दाएं पैर में हूफ (खुर) नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अपनों से बिछड़े अली की कहानी

बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *




**किताब :** मैं-अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन,
**मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## खबर संक्षेप

### सैनिक परिवारजन सभा की बैठक छह को

**जींद।** छह दिसंबर को गोहाना रो. स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और परिवारजनों की मासिक सभा होगी। जिसमें गत 29 नवंबर को आर्मी कमांडर की हिसार कैंट में हुई पूर्व सैनिक रैली में सैनिक हित में लिए गए फैसलों के बारे अवगत कराया जाएगा। पूर्व सैनिक स्वास्थ्य सेवाएं, 8वां पे कमीशन एवं सैनिक और योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### अब दयालु 2 योजना का उठा सकेंगे लाभ : एडीसी

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि हरियाणा सरकार ने राज्य के परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) को लागू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत बेसहारा, पालतू या जंगली पशुओं जैसे गाय, सांड, बैल, कुत्ता, नील गाय, भैंस या अन्य छोड़े गए पशुओं द्वारा हुई दुर्घटना में घायल, विकलांग होने पर उनको तथा मृत्यु हो जाने पर मृतक के परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

### विष से ही घातक है कुसंगः रामनिवास

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का मूल स्वभाव उसके जन्म जन्मों के भले बुरे कर्मों पर आधारित होता है, उसके बाद स्वभाव का भला बुरा बनाने मे जो स्थान सात्विक राजसिक तामसिक भोजन का होता है।

### एसएम स्कूल के प्रतिभागियों ने बढ़ाया हरियाणा का मान

**अलेवा।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में जिला जींद के कंटिजेंट लीडर जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा के नेतृत्व में स्काउट-गाइड में एसएम पब्लिक स्कूल भोंसला के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करने के चलते स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या इति गर्ग ने की तथा मुख्य रूप से प्रबंधक कुलदीप सिंह ने भाग लिया।

### बीमा अंशदान बाई बुक ट्रांसफर जरूरी : सिंह

**जींद।** जिला कोषाधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार खजाना से संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का प्रतिमाह प्रति कर्मचारी 10 रुपये मुख्य शीर्ष 2235 सोशल सिक्योरिटी तथा वेलफेयर अपशीर्ष 200 स्कीम के अंतर्गत चतुर्थ कर्मचारियों का बीमा अंशदान बाई बुक ट्रांसफर किया जाना आवश्यक है।

### बीएलओ का सहयोग करें नागरिक : डीसी

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ को सहयोग प्रदान करें ताकि जिले की सूची को त्रुटिरहित रूप में तैयार किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 से पूर्व की गतिविधियों के तहत बीएलओ द्वारा वर्ष 2002 की मतदाता सूची का वर्तमान मतदाताओं के साथ मिलान किया जा रहा है।

### हरियाणा उत्सव में नेगिता रही द्वितीय

**उचाना।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में चल रहे तीन दिवसीय हरियाणा उत्सव समारोह में हरियाणवी टिट बिट प्रतियोगिता में राजीव गांधी कालेज उचाना की बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा नेगिता ने द्वितीय पुरस्कार जीता।

### जुलाना रैली तोड़ेगी आज तक के सारे रिकॉर्ड

**उचाना।** युवा जजपा नेता धोला गुरूकुल खेड़ा ने कहा कि सात दिसम्बर को जुलाना में जजपा स्थापना दिवस पर होने वाली रैली आज तक के सारे रिकॉर्ड भीड़ के मामले में तोड़ने का काम करेंगी। रैली में उचाना हलके की भागीदारी सबसे अधिक होगी। उचाना हलका दुष्यंत चौटाला का हलका है। यहां का हर कार्यकर्ता अपने आप को दुष्यंत मान कर रैली का निमंत्रण गांव-गांव में घर-घर जा दे रहा है।

---

### सांसद खेल महोत्सवः खिलाड़ियों ने दिखाया जोश

# रस्साकशी प्रतियोगिता में कुराड़ की टीम प्रथम रही

### खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्साः उपासना

कलायत विस के खिलाड़ियों ने अद्भुत जोश और उमंग के साथ भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महाराजा सूरजमल स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कलायत विधानसभा के खिलाड़ियों ने अद्भुत जोश और उमंग के साथ भाग लिया। खेल मैदान में उमड़े उत्साह ने पूरे आयोजन को ऊर्जा से भर दिया और खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा तथा दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना और नशे से दूर स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। आज की प्रतियोगिताओं में पुलिस अधीक्षक आईपीएस उपासना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। खिलाड़ियों के हौसले को सराहते कहा कि युवाओं को अनुशासित जीवन जीने और खेलों से निरंतर जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में अमरजीत छाबड़ा हरियाणा राइस मिल्स प्रधान, सुरेश रविश प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता, बबीता रानी चेयरमैन नगर पालिका राजौंद, अजीत चहल भाजपा नेता, हिमांशु गोयल, अनिल मलिक, सुनील पांचाल आदि उपस्थित रहे। सांसद कार्यालय कैथल प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों को एक समान अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें बड़े मंचों तक पहुंचने का अवसर देते हैं। सांसद खेल महोत्सव में जूडो, कबड्डी, हॉकी, रस्साकशी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, शूटिंग और कुश्ती सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की , जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूडो में महिला वर्ग की विभिन्न वज़न श्रेणियों में माफी, रितु, गुंजन, रेखा, मधु, निशा, सुमन, नताशा और भावना ने प्रथम स्थान हासिल किया।



कैथल। कुश्ती में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

#### खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक

प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष मनीष कठवाड़ ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवा प्रतिभाओं को पहचान देने का एक सशक्त मंच है, जहाँ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ी समान अवसर प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं।

#### ये रहे विजेता

रस्साकशी में लड़के और लड़कियों दोनों में कुराड़ की टीम ने बाजी मारी। हॉकी में बाता के गवर्मेंट स्कूल ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में पहला स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में सोंगरी की महिला टीम और रोहेड़ा स्टेडियम ए की पुरुष टीम विजेता बनीं। वॉलीबॉल में सोंगरी की महिला टीम और हरसोला की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। रस्सीकूद में पुरुष वर्ग में आरव और महिला वर्ग में मेनका विजेता रहीं। एथलेटिक्स में भी कलायत के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में साक्षी, मंजू, अंजू, मुस्कान, पुष्पा, हरप्रीत और किर्ती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में राहुल, अशोक, युसूफ खान, अभिषेक, कुशल दांगी और कृषेंदर ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। शूटिंग प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में पिस्टल में मोहित और राइफल में संदीप विजेता बने। महिला वर्ग में पिस्टल में रमन और राइफल में सविता देवी ने पहला स्थान हासिल किया। रेसलिंग में महिला वर्ग की दसों वज़न श्रेणियों में वंशिका, दीपांशी, भतेरी, खुशी, तन्नू, श्वेता, सुमन, सरोज, पूनम और रानी ने जीत दर्ज की। पुरुष रेसलिंग में राहुल, धोनी, विकास, राकेश, पंकज, विजय, सोनू, सुमित और दीपक ने अपने-अपने वज़न वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

---

# आरपीएस के आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



छात्र आदिश जैन।

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण , दूसरा तीसरा व चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश की ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। आदिश ने विज्ञान व गणित विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

#### आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच

डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।



कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम विंडो प्रतिनिधि।

### सीएम विंडो के प्रतिनिधियों ने सुनी समस्याएं

**कलायत।** लोक निर्माण विश्राम गृह में सीएम विंडो के तीन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। समस्या सुनने वाले प्रतिनिधियों में मेनपाल राणा, मदन मटौर व कृष्ण बालू शामिल रहे। घंटों चली जन सुनवाई में एक-एक समस्या को गंभीरता से सुना गया। सीएम विंडो प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकास एवं कल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन में किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्पष्ट किया कि जनता तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी कोताही बरतता पाया गया तो उसके खिलाफ तुरंत संज्ञान लिया जाएगा। इस दौरान अलग-अलग विभागों से संबंधित शिकायतें नागरिकों द्वारा सीएम विंडो पटल पर रखी गई। कई पात्र लाभार्थियों ने प्रतिनिधियों के सामने शिकायत रखी कि उन्हेंसरकारी योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले लाभ उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। प्रतिनिधियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना व संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

### लंबित समस्याओं का तय समय में समाधान करें

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर अभियान के अंतर्गत गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने की।शिविर के दौरान एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जन शिकायतें सुनते हुए प्रत्येक मामले का अवलोकन किया। उन्होंने आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की प्रकृति और गंभीरता का आंकलन किया तथा विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने और समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आमजन को उनकी सभी सेवाएं बिना देरी और बाधा के प्राप्त हों।

---

### प्राकृतिक खेती व विकास कार्यों पर की चर्चा

**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र में शिक्षा, प्राकृतिक खेती और पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान विधायक जांबा ने क्षेत्र के विभिन्न शिक्षा संस्थानों, कृषि परियोजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और अन्य जनकल्याणकारी पहलों की प्रगति से राज्यपाल को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने आगामी योजनाओं और स्थानीय विकास को गति देने हेतु प्रस्तावित कदमों की जानकारी भी दी। राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव और प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने शिक्षा व प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में नई पहल करने के महत्व पर विशेष जोर दिया, ताकि क्षेत्रवासियों का जीवन स्तर और बेहतर हो सके। विधायक जांबा ने कहा कि राज्यपाल के अमूल्य सुझावों और सहयोग से उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कामों को और सशक्त रूप में आगे बढ़ाने की नई प्रेरणा मिली है।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा राज्यपाल से भेंट करते हुए।



कलायत। सरकारी स्कूल में सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

### राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को बांटे गर्म कपड़े

**कलायत।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से समाजसेवी संस्थाएं निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इसी कड़ी में कलायत के श्री जाहर वीर गोगा पीर धार्मिक स्थल के नजदीक राजकीय प्राथमिक विद्यालय में समाजसेवियों ने विद्यार्थियों के लिए सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते गर्म वस्त्र, जूते और जुराबें भेंट कीं। कार्यक्रम में जसविंदर राणा काला, जसविंदर राणा जस्सी, विकास यादव, विनोद धीमान, रामभूल राधव, राजेश कुमार, बल्लू यादव, राकेश कुमार सहित अन्य समाजसेवी शामिल हुए। उन्होंने पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप गर्म कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। समाजसेवियों का कहना था कि उनका उद्देश्य सिर्फ जरूरतमंद बच्चों की मदद करना नहीं बल्कि समाज सेवा की भावना को अधिक मजबूत करना है। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। इस दिशा में समाजसेवी संस्थाएं आगे बढ़कर सहयोग करती हैं तो इससे न विद्यार्थियों को राहत मिलती है।

### आशा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता कांस्य

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज जींद की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आशा ने जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में 01 से 2 दिसंबर तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। छात्रा की उपलब्धि पर बधाई देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि हमारे विद्यार्थी शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित करते हैं। महाविद्यालय अपने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके कौशल विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करता है। उप प्राचार्य एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष रणधीर खटकड़ ने आशा को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने खेल क्षेत्र में अपने अनुशासनए कठिन परिश्रम और सतत प्रयासों से सदैव महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। अवसर पर डा. सतीश मलिक, डा. लाभ सिंह तथा डा. कृष्ण श्योकंद उपस्थित रहे।



प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद कांस्य पदक जीतने वाली छात्रा आशा।



जींद। ज्ञापन सौंपने आए किसान। फोटो :हरिभूमि

### बड़े ब्रेकर हटाने की मांग उठाई

**जींद।** गन्ना उत्पादक किसानों ने वीरवार को शुगर मिल एमडी को ज्ञापन सौंप कर 11 दिसंबर से शुगर मिल चलाने तथा बड़े ब्रेकर हटाने की मांग की है। किसानों ने साफ कहा कि दस दिसंबर को गन्ने से भरी ट्रालियां लेकर किसान शुगर मिल में पहुंच जाएंगे। एमडी ने किसानों की मांग को लेकर आश्वासन दिया है। जय किसान दी शुगर कैन कापरेटिव मल्टीपर्पज सोसायटी के आह्वान पर गन्ना उत्पादक किसान तथा भाकियू कार्यकर्ता वीरवार को शुगर मिल मे पहुंचे और एमडी से मिले। किसानों ने कहा कि लेबर खेतों में लगी हुई है। शुगर मिल को 11 दिसंबर से शुरू किया जाए ताकि किसानों को आर्थिको नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि किसान गन्ना लेकर 10 दिसंबर को शुगर मिल पहुंच जाएंगें। किसानों ने कहा कि नरवाना रोड पर बड़े ब्रेकर बने हुए हैं। किसानों की दिक्कत को देखते हुए उन्हें हटाया जाना चाहिए। एमडी प्रवीण तहलान ने किसानों को उनकी मांगों पर आश्वासन दिया है। इस मौके पर अजमेर लोहान, रामराजी दूल, बिंद्र नंबरदार समेत अन्य किसान मौजूद थे।

---



जुलाना। बुढ़ाखेड़ा गांव में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए सरपंच।

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गावं बुढा खेड़ा लाठर में शहीद मेजर संजीव लाठर की याद में राजकीय वमावि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद मेजर संजीव लाठर की शहादत कों याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शहीद मेजर संजीव लाठर की पत्नी तहसीलदार शालिनी लाठर द्वारा भेजी गई सम्मान राशि द्वारा सरपंच अनिता चौहान और स्टाफ सदस्यों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बीते सत्र में कक्षा 12वीं के सभी संकायों में और 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को दस-दस हजार रूपये की सम्मान राशि भेंट कर सम्मानित किया गया और द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पांच-पांच हजार रुपये की राशि वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्राध्यापिका सुमन हुड्डा द्वारा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि गावं की सरपंच अनिता चौहान ने शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों कों संबोधित करते हुए सरपंच अनिता चौहान ने कहा कि हमें शहीदों का पूरा मान सम्मान करना चाहिए।

# नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नव नियुक्त न्यायिक अधिकारी महक, योगेश कौशिक और अनीशा द्वारा वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सेवाओं तथा महिलाओं को दी जाने वाली त्वरित सहायता की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। गुरूवार कोवन स्टॉप सेंटर की संचालिका राजवंती ने बताया कि केंद्र वन स्टॉप सेंटर केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित और हरियाणा सरकार के तत्वावधान में लागू महिलाओं के लिए एक राहतकारी



योजना है। इसमें हिंसा से पीड़ित महिलाएं जैसे बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला तस्करी, बाल शोषण, गुमशुदा महिला, बाल विवाह, दहेज उत्पीडऩ, एसिड अटैक और साइबर क्राइम मामलों में प्रभावित महिलाओं को रखा जाता है। यहां उन्हें चिकित्सा सुविधा, कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श, भोजन तथा पांच दिनों तक अस्थायी आश्रय सहित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध एकीकृत सेवाएं महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करती हैं। सेंटर में अबतक कुल 1696 शिकायतें दर्ज हुई हैं। जिनमें से 724 महिलाओं ने रात्रि आश्रय के लिए पंजीकरण करवाया है। किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीडऩ की स्थिति में कोई भी महिला हेल्पलाइन 181 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। केंद्र संचालिका ने बताया कि निरीक्षण उपरांत अधिकारियों ने उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर ऑफिस असिस्टेंट प्रियंका रानी और परामर्शदाता मोती राम उपस्थित रहे।



जुलाना। बराड़ खेड़ा गांव में आयोजित कार्यक्रम में भजन गाते कलाकार।

### मंदिर में वार्षिक कीर्तन का आयोजन

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गांव बराड़ खेड़ा स्थित बाबा तकिया मंदिर में वीरवार को वार्षिक भंडारे और कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। सुबह पूजा, अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंदिर परिसर में पहले हवन यज्ञ संपन्न कराया गयाए जिसमें ग्रामीणों सहित श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाल कर सुख व समृद्धि की कामना की। हवन के बाद बाबा तकिया मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास के गांवों से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष धूमधाम से कीर्तन का आयोजन किया जाता है और भक्त पूरे वर्ष इस दिन का इंतजार करते हैं। मंदिर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 75 युवाओं ने रक्तदान किया। मंच पर पहुंचे भजन कलाकारों ने अपने भक्ति गीतों से माहौल को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। ढोलक, झांझ की ताल और भजनों की आवाज से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु भी भाव, विभोर होकर झूमते नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि बाबा तकिया मंदिर गांव की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

---

### सीएम नायब सिंह सैनी सात को आएंगे कैथल, डीसी-एसपी ने लिया जायजा

# एसपी ने पुलिस कर्मचारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सात दिसंबर को आरकेएसडी कॉलेज में होने वाली बैठक को लेकर डीसी अपराजिता एवं एसपी उपासना ने वीरवार दोपहर बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर सहित अन्य नेताओं के साथ आयोजन स्थल का दौरा किया। जहां उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने कहा कि रविवार सात दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राजनीतिक बैठक लेंगे। उनके इस दौरे में संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधी तैयारियों को पूरा कर लें। उन्होंने बिजली, जनस्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित डीएमसी को आवश्यक तैयारियों के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने एसपी उपासना सहित भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर के साथ मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रूट प्लान, मंच, पार्किंग, जलपान सहित तमाम तैयारियों पर चर्चा की। एसपी उपासना ने सुरक्षा संबंधी तैयारियों को लेकर चर्चा की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। भाजपा नेता अशोक गुर्जर एवं जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बैठक में संभावित संख्या, भोजन व वीआईपी लंच जैसी तैयारियों को लेकर आवश्यक जानकारी दी।



कैथल। आरकेएसडी कालेज का दौरा भाजपा नेता अशोक गुर्जर, डीसी अपराजिता व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने बताया कि प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश के मंडल अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा जिला ज्योति सैनी ने बैठक को लेकर संगठन की तैयारियों के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर आरकेएसडी कॉलेज के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, महासचिव पंकज बंसल, आरएसएस के जिला संघचालक श्याम बंसल, कॉलेज प्रिंसिपल गगन मित्तल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, सुरेश संधू, महामंत्री मनीष शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारियों डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम अजय सिंह, सिविल सर्जन डा रेणु चावला सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे



जींद। प्राचार्या के साथ मौजूद छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### पीपीटी में रानी ने पाया पहला स्थान

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के संगीत वादन विभाग द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। प्रतियोगिता में 10 छात्राओं में भाग लिया और उन्होंने सितार का चित्र व सितार के अंगों विषय पर अपने विचार पीपीटी के माध्यम से व्यक्त की। प्रथम स्थान रानी ने द्वितीय स्थान नैंसी तृतीय स्थान पर संजना ने पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्या ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाने का उद्देश्य छात्राओं में संगीत के प्रति रुचि और ज्ञान को बढ़ावा देना है जो की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजिका आरती सैनी द्वारा किया गया व प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका भी उन्होंने ही निभाई। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं को अपनी संस्कृति विरासत से जुडने और संगीत के प्रति अपने प्यार को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है जो की बहुत ही महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह में लाडवा गई 22 रोडवेज बसें

**जींद।** श्रीसैन भगत जयंती समारोह को लेकर वीरवार को डिपो की 22 बसें लाडवा भेजी गई। इसके कारण स्थानीय रूटों पर सामान्य बस सेवाएं प्रभावित रही। अचानक बसों के हटने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को अपने-अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ा। सुबह से दोपहर तक कई रूटों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ती गई लेकिन बसें कम होने की वजह से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी।

### महिला कामकाजी आवास का निरीक्षण

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा जिला रैडक्रास सोसाईटी जींद द्वारा संचालित महिला कामकाजी आवास का निरिक्षण किया गया। जिसे रिपेयर उपरांत पूनः जल्द से जल्द खोला जा रहा है। जिसमें जिला जींद के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत महिला कर्मचारी को रहने में सुविधा उपलब्ध होगी। महिला कामकाजी आवास में रहने आने वाली महिलाएं रैडक्रास भवन अथवा हॉस्टल वार्डन, सरोज से 9729111733 पर संपर्क कर सकती हैं। यह महिला कामकाजी आवास जल्द शुरु होने जा रहा है।

### गांव जसवंती में किसानों को किया जागरूक

**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अधीनस्थ स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र कैथल की ओर से गांव जसवंती में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नोडल अधिकारी वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार ने किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान तथा फसल अवशेष प्रबंधन के फायदों के बारे में जागरूक किया।

### रोहेड़ा के स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता आज से

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज से होगा। खेलों के आयोजक बलवान सिंह फौजी व हनुमान व सुनील फौजी ने बताया कि 5 व 6 दिसंबर को दो दिवसीय खेलों का आयोजन होगा। जिसमें लड़कियों की नेशनल कबड्डी 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 व द्वितीय स्थान वाली टीम को 11000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 की राशि दी जाएगी।

### सांसद कुमारी शैलजा छह को नरवाना में

**नरवाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव सिरसा सांसद कुमारी शैलजा छह दिसम्बर शनिवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी। नगर पार्षद आशुतोष शर्मा ने कहा कि शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 649वें पावन जन्मोत्सव समागम में गांव धमतान साहिब स्थित रविदास मंदिर में पहुंचेगी। इसमें बाबा जगदीशदास बोपुर वालेए बाबा विजेंद्रदास हांसी वालेएबाबा दिव्यानंद एबाबा परमजीत टोहाना वाले ओर प्रसिद्ध अंतर राष्ट्रीय गायिका गिन्नी माही संत शिरोमणि गुरु रविदास की शिक्षाओं का वर्णन करेंगे।

---

पेयजल सप्लाई में क्लोरिन की मात्रा अधिक होने से रोगों की चपेट में आ रहे काजियान के निवासी

# पेयजल सप्लाई से बढ़ रहे रोगों पर लोगों ने जताया रोष

## पेयजल स्पलाई में क्लोरिन की मात्रा की करवाई जाएगी जांच : एक्सईएन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- पानी से महिलाओं व पुरूषों के बाल तक उड़ने लगे हैं

काजियान मोहल्ला में पेजयल सप्लाई से बढ़ रहे रोगों को लेकर वीरवार को कालोनीवासियों ने रोष जताया। कालोनीवासियों का कहना था कि उन्हें जो पेयजल सप्लाई मिल रही है, उसमें क्लोरिन की मात्रा बहुत अधिक है। जिससे वो किडनी के रोगों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं कालोनी में कोई घर ऐसा नही है जहां बच्चे, वृद्ध और बड़े बीमार न पड़ रहे हों। इसके अलावा महिलाओं व पुरूषों के बाल तक इस पानी को पीने से उडऩे लगे हैं। कालोनीवासियों ने चेताया कि जल्द ही कालोनी की पेयजल सप्लाई लाइन पाइप को नही बदला गया और सप्लाई को ठीक नही किया गया तो वो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। काजियान मोहल्ला निवाीस निमिष, अरूणा, सोनिया, गर्व, तमन्ना, बबली आदि ने बताया कि वो कालोनी पिछले कई महीनों से अधिक क्लोरिन युक्त पानी की सप्लाई आ रही है। जिससे वो रोगों की चपेट में आ रहे हैं। कालोनी की जो पाइप लाइन है, उसे बदलने के लिए कहा गया था लेकिन पाइप लाइन को बदला नही गया। इसके अलावा पानी की बदबू को रोकने के लिए क्लोरिन की मात्रा को बढा दिया गया। जिससे कालोनी में अधिक क्लोरिन युक्त पानी की सप्लाई आ रही है। इस पानी को पीने से आंखों, त्वचा और श्वसन तंत्र में जलन, बालों का रूखापन और बालों का रंग फीका पडऩे जैसे रोगों से लोग ग्रस्त हो रहे हैं। क्लोरीनयुक्त पानी पीने से बाल भी झडऩे लगे हैं। वहीं क्लोरीन कपड़ों के रंगों को भी फीका कर रहा है। कालोनीवासियों ने कहा कि मामले को लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया गया था। तब कहा गया था कि पेयजल सप्लाई पाइप लाइन को बदल दिया जाएगा ताकि अगर कहीं लीकेज है तो गंदा पानी साफ पानी के साथ मिल कर न आए। पाइप लाइन को बदलने की बजाए उसी पाइप लाइन को दुरूस्त कर दिया गया और अधिक मात्रा में क्लोरिन युक्त पानी स्पलाई किया जाने लगा। कालोनीवासियों ने चेताया कि जल्द ही उनकी पेयजल सप्लाई पाइप लाइन को नही बदला गया तो वो ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।



**जींद।** रोष जताते हुए काजियान मोहल्ला निवासी तथा अपने सिर के बालों को दिखाते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### कॉलोनीवासियों को नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी : एक्सईएन

जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन भानू प्रताप ने बताया कि अगर पानी की स्पलाई में क्लोरिन की मात्रा ज्यादा आ रही है तो वो तुरंत प्रभाव से इसकी जांच करवाएंगे। कालोनीवासी भी उनसे आकर मिल सकते हैं। पेयजल सप्लाई को लेकर किसी तरह की परेशानी कालोनीवासियों को नही आने दी जाएगी।

### उड़ रहे बाल, बच्चे पड़ रहे बीमार

काजियान मोहल्ला निवाीस निमिष, अरूणा, सोनिया ने बताया कि पेयजल स्पलाई को जो पानी आ रहा है, उससे उनके बाल उडऩे लगे हैं। बालों का रंग भी धुंधला हो रहा है। बाल बेजान और रूखे हो रहे हैं। इसके अलावा खांसी, जुखाम तो आम बात है, किडनी के रोग भी बढ़ रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द उनकी समस्या पर संज्ञान ले और पेयजल सप्लाई पाइप लाइन को बदल कर पानी में क्लोरिन की मात्रा को कम किया जाए ताकि वो गंभीर रोगों से बच सकें।

---





**जींद।** नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग, जिसका जीर्णोद्धार कार्य करवाया जा रहा है। फोटो : हरिभूमि

# एक साथ बनी दो बिल्डिंग, एक कंडम और दूसरी का कर दिया जीर्णोद्धार

- 50 साल पहले बनी थी नागरिक अस्पताल नरवाना व जींद की बिल्डिंग
- नरवाना की बिल्डिंग डेढ़ साल पहले कंडम घोषित, जींद की बिल्डिंग का हुआ जीर्णोद्धार अब विजिलेंस जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सरकारी विभागों की एक बिल्डिंग को लेकर अलग-अलग राय सामने आ रही हैं। वर्ष 1975 में जींद व नरवाना के नागरिक अस्पतालों की बिल्डिंग बनाई गई थी। दोनों बिल्डिंग एक साथ बनी लेकिन नरवाना की बिल्डिंग को डेढ़ साल पहले ही कंडम घोषित कर दिया। जबकि नागरिक अस्पाल जींद की पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार 14.91 करोड़ से करवाया जा रहा है। ऐसे में यह बात लोगों को हजम नही हो रही है कि दोनों बिल्डिंग एक साथ बनी और दोनों बिल्डिंगों को लेकर राय अलग-अलग है। जब नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग भी 50 साल पुरानी हो चुकी है तो यह पीडब्ल्यूडी विभाग को सुरक्षित कैसे दिखाई दे रही है।

### चार माह पहले शुरू हुआ जीर्णोद्धार कार्य, तब से सवाल खड़े

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का चार महीने पहले जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हुआ था। तभी से जागरूक लोगों ने इस पर सवाल उठाने शुरू कर दिए थे। खुद स्वास्थ्य विभाग ने भी इस बिल्डिंग को कंडम घोषित करने की मांग की थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। वैसे तो अस्पताल को बाहर से फाइव स्टार होटल की तरह बना दिया लेकिन बिल्डिंग तो वही पुरानी है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि इस बिल्डिंग पर इतना पैसा खर्च किया जा रहा है, यह कब तक चलेगी। वहीं विजिलेंस ने भी अब जांच शुरू कर दी है। विजिलेंस ने इस कार्य के संबंध में 45 प्वाइंट की जानकारी स्वास्थ्य विभाग से मांगी है।

### बिना टेंडर व विज्ञापन के कर रहे गोलमाल

कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि नागरिक अस्पताल नरवाना की 50 साल पुरानी बिल्डिंग को जब कंडम घोषित किया जा सकता है तो जींद की बिल्डिंग को क्यों नही। यह जांच का विषय है। इस मामले की अगर सख्ती से विजिलेंस जांच हो तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी।

---

# जिला कारागार में लगाई लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- लोक अदालत में चार मामलों को रखा, दो मामलों का निपटारा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मोनिका ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल चार मामलों को विचाराधीन रखा गया। जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शेष दो मामलों में तीन विचाराधीन बंदियों को अंडरगोन किया गया तथा आदेश पारित किए गए कि यदि बंदियों पर कोई अन्य मामला लंबित नहीं हो तो उन्हें रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि इस दौरान जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता एवं अपील के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कैदियों एवं हवालातियों से उनके मामलों में आ रही परेशानियों को सुना तथा समस्याओं के समाधान संबंधी मार्गदर्शन दिया। प्राधिकरण सचिव ने कैदियों से अपील की कि यदि किसी बंदी को अपने केस की पैरवी के लिए अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वे मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने जेल प्रशासन को महिला बंदियों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, कानूनी सलाह, रहन-सहन तथा भोजन की गुणवत्ता से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जेल में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 280 कैदियों एवं हवालातियों की स्वास्थ्य जांच की गई।



**जींद।** लोक अदालत में मौजूद सीजेएम मामलों की सुनवाई करते हुए।

---

# सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में खिलाड़ी हो रहे हैं लाभान्वित : सतपाल

- सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आज हाबड़ी स्टेडियम में हुई हॉकी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण के तहत विधानसभा स्तर पर हो रही खेल प्रतियोगिताओं में हॉकी के सभी मुकाबले आज से हॉकी स्टेडियम हाबड़ी में मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जाम्बा पूंडरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव के द्वारा युवा प्रतिभाएं सामने आ रही है। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे हैं। खेलों में रुचि लेने के कारण युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं। सांसद नवीन जिंदल का सफल खेल महोत्सव करने का प्रयास सराहनीय है। पुंडरी हल्का प्रभारी अरविंद गोलन ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में इस महोत्सव का युवाओं पर अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मैदान में पुरुष वर्ग की आठ और महिला वर्ग की आठ टीमों ने प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दोनों वर्ग में आठ टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर देवेंद्र पांचाल प्रदेश महामंत्री, नगरपालिका चैयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वाम, प्रतिनिधि सरपंच प्रतिनिधि हाबड़ी सरदार गुरविंदर सिंह, सरपंच लाभ सिंह जाम्बा, भाजपा नेत्री निधि मोहन, प्रमोद चुहडमाजरा, पुंडरी हल्का इंचार्ज अरविंद गोलन, विक्की एमसी, कमल सैनी, बलबीर सैनी, बलवंत गोलन, ऋषि जी फतेहपुर आदि उपस्थित रहे।



**पूंडरी।** कार्यक्रम में शिरकत करते विधायक सतपाल जाम्बा व अन्य।

---

# आज तक नहीं मिला प्रदेश को अपना हाईकोर्ट और राजधानी : चोपड़ा

- अलग हाईकोर्ट नहीं होने से केसों का नहीं हो रहा समय पर निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

केंद्र सरकार के पूर्व उप सचिव एमएस चौपड़ा ने कहा कि आजतक हरियाणा को अपना अलग हाईकोर्ट व राजधानी नही मिले हैं। ऐसे में केसों का निपटारा समय पर नहीं हो पाता है। हरियाणा को अलग हुए 58 साल हो चुके हैं। फिर भी राज्य को पूरी तरह स्वायत राज्य का दर्जा नहीं मिल पाया है।

केंद्र सरकार के पूर्व उप सचिव एमएस चौपड़ा वीरवार को जिला बार एसोसिएशन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, प्राचीन संस्कृति और धरोहर के आधार पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने का सुनहरा अवसर खो रहा है।

प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति, इतिहास, आध्यात्मिकता तथा सामाजिक सद्भाव का केंद्र होने के बावजूद हरियाणा के पास आज भी अपनी समर्पित राजधानी नहीं है।



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए एमएस चोपड़ा। फोटो : हरिभूमि

---

# वार्ड 11 के वासियों ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का किया आभार व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

वार्ड नंबर 11 की भगत सिंह कॉलोनीवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। कैथल के युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला ने अमर शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पहुंचे आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत गर्व और सौभाग्य की बात है कि मुझे कैथल की इस पावन धरती पर शहीद-ए-आज़म भगत सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिला। यह प्रतिमा यहां के हर बच्चे, युवा और बुजुर्ग को हर दिन याद दिलाएगी कि हमारी आज़ादी कोई तोहफ़ा नहीं, बल्कि भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और अनगिनत क्रांतिकारियों के बलिदान का फल है। उन्होंने आगे कहा कि वार्डवासियों की यह मांग थी कि भगत सिंह कॉलोनी में खंडित हुई शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की प्रतिमा लगनी चाहिए।



**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला शहीद–ए–आज़म भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

### चक्कर रोड पर धंसी सड़क पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य

**जींद।** शहर के चक्कर रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के पास बनी नई सड़क दो दिन पहले अचानक धंस गई थी। सड़क पर बना गहरा गड्ढा इतना बड़ा था कि इसमें पूरा व्यक्ति आसानी से समा सकता था। गुरूवार को जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर सड़क की मरम्मत का काम शुरू करवा दिया है। सीवरेज सिस्टम को ठीक करने, गड्ढे की भराई, लेयरिंग और सड़क को सुरक्षित बनाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि यातायात सुचारू रहे और कोई हादसा न हो। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि प्रशासन की सक्रियता से लोगों में भरोसा बढ़ता है साथ ही गंभीर सवाल भी उठाए हैं कि आखिर बार-बार जींद में सड़क क्यों धंसती है।

### भावनात्मक सहयोग से कम होता है मानसिक तनाव

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य मुनीश कुमार ने की तथा संचालन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. सुनेत रानी ने किया। मुख्यातिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय जींद से डा. प्ेरमपुनम ने भाग लिया। विस्तार व्याख्यान का मुख्य विषय मासिक धर्म, मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास रहा। व्याख्यान का मुख्य उद्धेश्य छात्राओं में मासिक धर्म से जुड़े शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में जागरूक करना था। मुख्यातिथि डा. प्रेमपुनम ने मासिक धर्म के दौरान होने वाले हार्मोनल परिवर्तनों, मूड स्विंग्स के कारणों तथा इसके प्रबंधन के सरल उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

### पोर्टल से एचकेआरएन कर्मियों का डाटा हटाने पर रोष

**उचाना।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस पर मुलाकात की। यह मुलाकात जींद स्वास्थ्य विभाग में लगे 116 कर्मचारियों का डेटा पोर्टल से हटाए जाने और वेतन न मिलने के मामले को लेकर हुई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। एचकेआरएन संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोनू बूरा ने बताया कि जींद जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 116 कर्मचारियों का डेटा एचकेआरएन पोर्टल से हटा दिया गया है। इससे पहले, वेतन न मिलने और डेटा डिलीट होने के विरोध में नागरिक अस्पताल में एक घंटे का सांकेतिक धरना भी दिया गया था।

### मुस्कान ने फ़ैशन टेक्नोलॉजी में रजत पदक जीता

**कैथल।** कैथल की प्रतिभाशाली युवा प्रतियोगी मुस्कान ने वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 में फ़ैशन टेक्नोलॉजी श्रेणी में रजत पदक जीतकर हरियाणा और भारत का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि विशेष है क्योंकि भारत ने इस प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा लिया और 29 देशों में 8वां स्थान प्राप्त किया। मुस्कान की तकनीकी दक्षता, डिटेलिंग और क्रिएटिव एप्लीकेशन ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दिलाई। कौशल विकास मंत्री जयन्त चौधरी ने उनके प्रदर्शन को सराहते हुए इसे "भारत के स्किलिंग इकोसिस्टम की मजबूती का प्रमाण" बताया। मुस्कान को प्रशिक्षण कौशल विकास मंत्रालय, एनएसडीसी और उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से मिला। भारतीय दल ने इस प्रतियोगिता में कुल 1 रजत, 2 कांस्य और 3 मेडैलियन फॉर एक्सीलेंस हासिल किए। कैथल की मुस्कान की यह सफलता युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों, को वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करती है।

### सुरेश सिविल सेवा फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**कैथल।** राजकीय आईटीआई महिला पूंडरी में कार्यरत उप अधीक्षक सुरेश कुमार का अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हो गया है। यह गोवा में 8 से 15 दिसंबर के बीच में खेली जाएगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह हमारे विभाग के लिए गौरव का विषय है कि हमारे एकमात्र खिलाड़ी का चयन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सुरेश कुमार 10 बार ऑल इंडिया सिविल सर्विस प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। बता दें कि वे काफी लंबे समय से खेलों से जुड़े हुए हैं। इससे पूर्व भी सुरेश कुमार कई बार प्रदेश व देश की टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



सुरेश कुमार

---

**सुविधा** — गायनी वार्ड से हुई थी शुरुआत, रिस्पांस मिला बेहतर

# नागरिक अस्पताल में ओपीडी के लिए लगाए गए 11 टोकन सिस्टम

काफी देर तक लाइन में लगने के कारण मरीजों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले लोगों को अब अपनी बारी का ज्यादा इंतजार नही करना होगा। अस्पताल में लोगों की परेशानी को देखते हुए ओपीडी के लिए टोकन सिस्टम की शुरूआत कर दी गई है। वीरवार को अस्पताल में मौजूद 11 चिकित्सकों के कमरे के बाहर टोकन सिस्टम इंस्टॉल किए गए। इसी टोकन नंबर के हिसाब से मरीजों को चिकित्सक द्वारा बुलाया जाएगा। जिससे न तो कोई पहले और कोई बाद में की बात को लेकर मरीजों में बहस होगी और उन्हें परेशानी भी नही उठानी पड़ेगी। टोकन सिस्टम की शुरूआत गायनी वार्ड से की गई थी। जिसका रिस्पोंस बहुत अच्छा मिला। अब हर ओपीडी रूम में इस टोकन सिस्टम को इंस्टॉल करवाया गया है।



**जींद।** चिकित्सक के कमरे के बाहर टोकन सिस्टम लगाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सभी ओपीडी में जल्द दिए जाएंगे टोकन नंबर : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में 11 जगह टोकन सिस्टम को इंस्टॉल करवा दिया गया है। टोकन नंबर दिए जाने से मरीजों को लाभ होगा। पहले गायनी वार्ड में यह सिस्टम शुरू किया गया था। जिसका रिस्पोंस बहुत अच्छा रहा। अब इसे 11 अन्य ओपीडी में उपयोग में लाया गया है। इससे मरीजों को बहुत आसानी रहेगी। जल्द ही यह व्यवस्था सभी ओपीडी में शुरू हो जाएगी।

### प्रतिदिन 1800 तक होती है ओपीडी

नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी होती है। ऐसे में हर चिकित्सक के कमरे के बाहर मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग जाती है। सोमवार को यह संख्या दो हजार तक पार कर जाती है। काफी देर तक मरीजों को लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में मरीजों को काफी परेशानी होती है। मरीजों को घंटों तक लाइन में लगना पड़ता है। जिस कारण उनके लिए खड़ा रहना किसी जंग जीतने से कम नहीं है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग ने हर ओपीडी के बाहर टोकन नंबर जारी करने की योजना बनाई थी। इसकी शुरूआत गायनी वार्ड से की गई थी। वीरवार को अस्पताल में 11 जगह टोकन सिस्टम को इंस्टॉल किया गया। इसमें हर ओपीडी के बाहर एक स्क्रीन लगेगा। उसमें मरीज का नंबर दिखाया जाएगा। ऐसे में मरीजों को लाइन में लगने की बजाय आराम से कुर्सी पर बैठकर अपने नंबर का इंतजार करना पड़ेगा। एक बार उनका रजिस्ट्रेशन हो गया, तो फिर उनके टोकन नंबर के आधार पर ही मरीज का ओपीडी में नंबर आएगा। खड़े होने की बजाय बैठ कर आराम करना मरीजों को ज्यादा आरामदायक रहेगा।

### खुराना रोड स्थित कमरे में चल रहे जुआ अड्डे पर छापेमारी

**कैथल।** पुलिस ने खुराना रोड क्षेत्र में एक गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। जो एक मोबाइल रिपेयर दुकान के ऊपर बने कमरे में छापा मारकर छह व्यक्तियों को मौके पर काबू किया, तथा एक लाख 10 हजार 500 रुपए व 208 ताश पत्ते बरामद किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एसआई रणदीप सिंह की टीम गस्त दौरान अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए खुराना रोड कैथल के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की खुराना रोड चौक के पास बने एक कमरे में कई व्यक्ति ताश के पत्तों पर मोटी रकम दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम ने उच्चाधिकारियों से तलाशी की अनुमति ली और तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार कर मौके की तरफ रवाना हो गई। तथा उक्त कमरे पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई।